# हिन्दी
## HINDI

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

'विद्यार्थी' शब्द का जन्म विद्या से हुआ है। विद्या द्वारा मनुष्य एक अच्छा मनुष्य एवं अच्छा नागरिक बनता है और देश की प्रगति में सहभागी होता है। इसलिए सबको आदर्श विद्यार्थी बनने का प्रयास करना चाहिए। 'आदर्श विद्यार्थी' इन शब्दों का उच्चारण करते हुए हमें ऐसे व्यक्ति का स्मरण हो आता है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना होता है। वह विद्या-अनुरागी, जिज्ञासु, परिश्रमी, सदाचारी और सुशील होता है। आदर्श विद्यार्थी मात्र अपनी कक्षा की पुस्तकों से संतुष्ट नहीं होता बल्कि वह अन्य पुस्तकों, पत्र और पत्रिकाओं का भी समान रुप से अध्ययन करता है। पढ़ाई के अलावा खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। उसे विद्यालय में होने वाली सभी तरह की गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। एक आदर्श विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हमेशा ध्यान में रखता है। जीवन को सही दिशा देना ही एक आदर्श विद्यार्थी का कार्य होता है। हमारी शिक्षा हमें पैरों में खड़े रहना सिखाती है। जो विद्या दूसरों के हितों और कार्यों के लिए समर्पित हो, वही सही सच्चे अर्थों में शिक्षा कहलाती है। आदर्श विद्यार्थी को चाहिए अपनी शिक्षा का सदुपयोग करते हुए सबके हितों के लिए कार्य करे।

1. विद्यार्थी' शब्द का जन्म किससे से हुआ है?
2. विद्या का मनुष्य पर क्या प्रभाव होता है?
3. 'आदर्श विद्यार्थी' में कौन-कौन से गुण होते है?
4. हमारी शिक्षा हमें क्या सिखाती है?
5. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें।

## खंड - ख

प्रश्न 2. i) किन्हीं तीन शब्दों के अर्थ लिखिए : 1 x 3 = 3

क) परमेश्वर
ख) किताब
ग) पहाड़
घ) नीर
ङ) पुष्प
च) आँख

ii) किन्हीं चार मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 x 4 = 4

क) आग-बबूला होना
ख) अक्ल का दुश्मन
ग) कमर कसना
घ) कलेजा मुँह को आना
ङ) किताब का कीड़ा होना
च) अंधा बनना

iii) किन्हीं दो अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1 x 2 = 2

क) मैं पत्र को लिखता हूँ।
ख) कौआ डाली में बैठा है।
ग) निर्मला रूपवान है।
घ) आप बोलो।

iv) किन्हीं दो अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए : 1 x 2 = 2

क) सकुल

ख) कवियित्री

ग) सटेशन

घ) आदर्ष

v) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए : 1 x 3 = 3

मित्र

देव

राष्ट्र

vi) किन्हीं तीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 x 3 =3

क) आदि

ख) गौण

ग) धनवान

घ) नकद

ङ) निकट

च) जन्म

vii) किन्हीं दो वाक्यों के रचना के आधार पर भेद लिखो : 1 x 2 =2

क) रीमा गाना गाकर मंच से उतर गई।

ख) वह वही खिलौना था जो मैंने तोड़ा था।

ग) विजय ने कहा कि कक्षा में प्रथम आएगा।

घ) मैं बीमार था इसलिए समारोह में न आ सका।

viii) किन्हीं दो वाक्यों में वाच्य का सही भेद पहचानिए - 1x2= 2

क) हंसा पुस्तक पढ़ती है।

ख) सुमन से हँसा जाता है।

ग) हिमांशु से गाना गया जाता है।

घ) लड़कियाँ नहीं चलती।

क) ज्ञान - वि + ज्ञान

ख) पक्ष - वि + पक्ष

x) निम्नलिखित वाक्यों का काल पहचानिए : 1 x 2 = 2

क) दीपिका भोजन कर रही है।

ख) मैं खाना खा चूका हूँ।

## खंड - ग

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 4 = 8

1. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट करो :
   चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
   जल का मोती ले जाती है
2. 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है। यह कहकर लेखिका क्या-क्या बताती हैं?

प्रश्न 4. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 3 = 9

1. केशव और श्यामा के मन में अंडों को देखकर तरह-तरह के सवाल क्यों उठते थे?
2. पाठ में ऐसा क्यों कहा गया है कि अक्षरों के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई?
3. कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा और वहाँ उसने क्या हरकत की?
4. अलबम चुराते समय राजप्पा किस मानसिक स्थिति से गुजर रहा था?

प्रश्न 5. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

1. 'हमको बुद्धू ही निरा समझा है ! कहकर लड़की क्या कहना चाहती है?
2. माँ मोहन के 'ऐसे-ऐसे' कहने पर क्यों घबरा रही थी?
3. गीत में सीने और बाँह को फ़ौलादी क्यों कहा गया है?

कहा है? लिखो।

5. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय बताओ :

'यह मरज आपका अच्छा ही नहीं होने में आता है।

प्रश्न 6. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) चिड़िया को किससे प्यार है?

ख) स्कैंडल पॉइंट का दृश्य कैसा था?

ग) केशव कई दिनों तक कौन-सी बात भूल न पाया?

घ) नए युग की शुरुआत कब से मानी जाती है?

ङ) छोटू का परिवार कहाँ रहता था?

च) वर्तमान में हमें अपने लिए क्या करना है?

छ) 'ऐसे-ऐसे' की बीमारी क्यों और किन्हें होती है?

ज) नागराजन के आस-पास लड़कों का जमघट क्यों लगा रहता था?

प्रश्न 7. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5 = 5

हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है। दो-तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव-जंतु नहीं थे। फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा। आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले जन्म लिया। धीरे-धीरे उसका विकास हुआ।

कोई दस हजार साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना शुरू किया। वह खेती करने लगा। वह पत्थरों के औज़ारों का इस्तेमाल करता था। फिर उसने ताँबे और काँसे के भी औज़ार बनाए।

1. यह धरती कितने साल पुरानी है?

क) दो हजार

ख) पाँच अरब

ग) तीन हजार

घ) इनमें से कोई नहीं

क) दस लाख साल पहले

ख) पाँच लाख साल पहले

ग) तीन हजार साल पहले

घ) इनमें से कोई नहीं

3. गाँवों का विकास कितने वर्ष पूर्व हुआ?

क) दो हजार

ख) पाँच अरब

ग) तीन हजार

घ) इनमें से कोई नहीं

4. गाँव बसने के बाद मनुष्य क्या करने लगा?

क) खेती

ख) देखभाल

ग) विकास

घ) चलने

5. मनुष्य खेती में पत्थर के बाद किन-किन चीजों से बने औज़ारों का प्रयोग करने लगा?

क) लोहे

ख) ताँबे

ग) काँसे

घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 8. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 x 5 = 5

गोल हैं खूब मगर
आप तिरछे नजर आते हैं जरा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों-जड़ा;
सिर्फ मुँह खोले हुए हैं अपना
गोरा चिट्टा
गोल मटोल,
अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त।
आप कुछ तिरछे नजर आते हैं जाने कैसे
- खूब हैं गोकि !

1. उपर्युक्त पद्यांश में किसके बारे में बताया गया है?
   क) चाँद    ख) धरती    ग) सूर्य    घ) आकाश

2. चाँद से बातें कौन कर रहा है?
   क) लेखक    ख) लड़की    ग) स्त्री    घ) वैज्ञानिक

3. चाँद कैसा लग रहा है?
   क) गोल-मटोल, गोरा-चिट्टा
   ख) सारे आकाश में फैला हुआ
   ग) तारों जड़ा वस्त्र पहने और मुँह खोले हुए
   घ) उपर्युक्त सभी

4. चाँद ने क्या पहना है?
   क) काले वस्त्र
   ख) सफ़ेद वस्त्र
   ग) सारा आकाश वस्त्र की भाँति जो पूरा तारों से जड़ित है
   घ) नीले वस्त्र

क) सारा ख) जोड़ ग) योग घ) बस

**खंड - घ**

प्रश्न 9. समय का सदुपयोग - इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5

प्रश्न 10. अपने मित्र या सखी को बड़े भाई के विवाह पर निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। 5